तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026

13 क्षेत्रीय साहू समाज का हुआ वार्षिक पारिवारिक मिलन व...



16 जामगांव आर में लगा जिला स्तरीय पशु मेला और





## खबर संक्षेप

### युवक की पिटाई आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** शराब पीलाने से मना करने पर युवक ने पीड़ित युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जवाहरपारा निवासी संजय बघेल ने पुलिस को बताया कि मै अपने काम से पेमेन्ट लेकर अपने घर वापस आ रहा था, उसी समय खाल्हे पारा निवासी लक्की बघेल पिता गंगा राम मेरे पास आया और मुझे दारू पिलाने के लिये बोला, मै दारू पिलाने से मना किया तो लक्की बघेल मुझे गाली देने लगा, मै लक्की बघेल को गाली देने से मना किया तो लक्की मुझे धमकी देते हुए गाली गलौज करते पास में पडे ईट से मेरे मुंह पर मार दिया तथा हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट करने लगा। मारपीट करने से मेरे मुंह, सिर एवं सीना में चोट आया था।

### युवक से की गाली गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मेला घुमने गए युवको से अन्य युवको ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसोदा निवासी हरीश कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि 23 जनवरी को अपने दोस्त टुकेश्वर यादव के साथ ग्राम देवारभाट में मंडाई गया था मंडाई मेंला घुमते समय देवार भाट के लडका से टकरा गया तो वह मुझे गाली गलौज करने लगा, उस पर मेरा दोस्त टुकेश्वर यादव बोला कि क्यो गाली गलौज कर रहे हो कहने पर देवार भाट के लडको द्वारा मेरे दोस्त टुकेश्वर को गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जिसे मै बीच बचाव करने गया तो मुझे भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का व बेल्ट से मारपीट करने के बाद मै वहां से भाग गया।

### ट्रक की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल से जा रहे युवक को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिसके ईलाज के बाद पीडित युवक की मां ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए) 285 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दज कर ली है। ग्राम खलारी निवासी लक्ष्मी बाई निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि 23 अगस्त 2025 को मेरे पुत्र देवा निर्मलकर अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 यू 8997 से गांव के अपने दोस्त केन्द्रबिन्दु निर्मलकर के साथ बेटी दिव्या निर्मलकर को तीजा लेने के लिये दल्लीराजहरा गये थे। घर वापस आते समय ग्राम कुसुमकसा से खलारी ग्राम में घुसते ही ट्रक क्रमांक सीजी 24 यू 7811 के चालक द्वारा बीच सडक में बिना कोई सांकेतिक शेष पेज 13 पर

# पलारी में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर मातृशक्ति व वार्षिक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज >> गुरूर

- सरस्वती शिशु मंदिर पलारी परिसर में हुआ भव्य कार्यक्रम

ओंकारेश्वर शिक्षण समिति नगर पंचायत पलारी व सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर पंचायत पलारी द्वारा प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा दिवस के अपसर पर मातृ शक्ति सम्मेलन, वार्शिक सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर परिसर नगर पंचायत पलारी में किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन एवं गोपुरम, योगचाप व समता प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पलारी गिरीश कुमार साहू थे। अध्यक्षता मानस व्याख्याकार एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक वेदप्रकाश शर्मा ने किया। विशेष अतिथि सेवा निवृत्त प्रधान पाठक सांगली एमआर सोनवानी, सेवा निवृत्त व्याख्याता भिरई बीआर साहू, सेवा निवृत्त व्याख्याता पलारी बीआर जाटवर, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंवर मनहरण वैका उपस्थित थे। अतिथि उद्बोधन एवं कलश सजावट पुरस्कार वितरण में दोपहर 2 बजे विशेष आगमन के तहत संगठन मंत्री विद्या भारती देवनारायण साहू, जिला समन्वयक जिला ग्राम भारती बालोद दीपक हिरवानी, सदस्य जिला शेष पेज 13 पर

## प्रतिभावान भैया-बहनों का सम्मान व गरिमामय समापन समारोह



### मानस भगवान का विग्रह

इस दौरान वेदप्रकाश वर्मा ने मानस के महत्व और मानस को साक्षात प्रभु श्री राम का स्वरूप बताया। डॉ देवनारायण साहू ने कहा विद्यालय के भैया बहनो द्वारा प्रस्तुत योगचाप, गोपुरम एवं समस्त प्रदर्शन से भाव विभोर हो गया। उन्होने अपने वक्तव्य में सरस्वती शिशु मंदिर के इतिहास से लेकर यहां मिलने वाले शिक्षा और संस्कार पर विशेष प्रकाश डाला तथा कहा कि इस प्रकार की सीख, शिक्षा और संस्कार केवल सरस्वती शिशु मंदिर मे ही मिल सकता है। कमल सिन्हा ने समापन सत्र में सिन्हा ने भैया बहनो के प्रदर्शन को अद्वितीय प्रदर्शन बताते हुए विद्यालय की शिक्षा, दीक्षा और संस्कार की प्रशंसा की।

आयोजन

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न रहे मुख्य अतिथि

# बालोद में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज >> बालोद

- लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व पर अतिथियों ने डाला प्रकाश







स्वामी आत्मनांद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि बालोद जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न उपस्थित थे।

इस अवसर पर परिवार न्यायालय के न्यायाधीश योगेश पारिक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भारती कुलदीप उपस्थित थे। अतिथियों ने देश के प्रत्येक नागरिकों एवं मतदाताओं के लिए मतदान को अधिकार ही नही अपितु कर्तव्य बताते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत देश के प्रत्येक नागरिकों को शासन व्यवस्था के संचालन में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मताधिकार के रूप में महत्वपूर्ण अस्त्र प्रदान किया गया है। नवरत्न ने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले देश के प्रत्येक नागरिकों को मतदान का अधिकार मिलने के साथ–साथ कर्तव्य भी जुड़ा हुआ है। इसलिए हम सभी मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

### मतदान की महत्ता बताई

कार्यक्रम का प्रतिवेदन वाचन करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला। कौशिक ने निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शासन–प्रशासन के लोगों के अलावा आम जनता की भागीदारी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी के समवेत प्रयासों से ही निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए तथा देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्क्षूण बनाए रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नये मतदाताओं को बैच लगाकर तथा मतदाता जागरूकता के कार्य एवं निर्वाचन के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी- शेष पेज 13 पर

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज >> डौंडीलोहारा

डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिधाली के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी बाल-बाल बच गया। यह घटना रविवार सुबह लगभग 10 बजे की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम जयेश रजा (38 वर्ष) है, जो राजनांदगांव से दल्ली राजहरा की ओर मोटरसाइकिल से जा रहा था। वह पेशे से पीओपी मिस्त्री था और काम के सिलसिले में दल्ली राजहरा जा रहा था। ग्राम गिधाली के समीप अचानक किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जयेश रजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोटरसाइकिल पर सवार दूसरा युवक सुरक्षित बताया जा रहा है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

### कार की ठोकर से साइकिल चालक घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल को कार ने ठोकर मार दी। जिससे मोटर साईकिल चालक घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित मोटर साइकिल चालक ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चिटौद निवासी अमन मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि लाटाबोड़ से चिटौद अपने घर मोटर साइकिल सीजी 05 एबी 3196 में जा रहा था। करहीभदर मुख्य मार्ग पेट्रोल पंप के पास कार सीजी 07 सीपी 8533 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए गलत साइड में सामने से अपने वाहन को मोड़ दिया, जिससे मै उक्त वाहन से टकरा गया। जिससे मेरे दोनों पैर के घुटना, सीना में चोट आई है।

# पति-पत्नी में विवाद, काउंटेर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज >> बालोद

पति पत्नी में विवाद इतना बढ़ा की शादी के एक साल बाद ही दोनो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आम्बाडी पोस्ट सिल्ली जिला भण्डारा महाराष्ट्र निवासी अश्विन शेन्डे ने पुलिस को बताया कि हाल में फोरचुन रेसिडेंसी रायपुर टाटीबंध मे हूं, एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हूं। मेरी शादी करहीभदर निवासी उमा शेन्डे से लव मैरिज हुआ है, 06 माह से आपस में मतभेद होने से हम दोनो अलग अलग रहते है, हमारी एक बेटी है।

उमा शेन्डे भी एम्स में कार्यरत है, जो रायपुर में किराये के मकान में रहती है, 17 जनवरी को उमा शेन्डे ने मुझे बताया कि मै अपने मायके घर ग्राम करहीभदर जा रही हूं, मैं 19 जनवरी अपनी बेटी आद्या अशविन से मिलने ग्राम करहीभदर गया, तो मुझे मेरी बेटी से मिलने नही दिये और उनके पिता प्रोभॉष रॉय, भाई प्रदीप रॉय दोनो गाली गलौज देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुचाये है। मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ, पैर, दाहिने कंधे व सिर में चोट लगा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम करहीभदर निवासी उमा रॉय ने पुलिस को बताया कि मेरा विवाह अशविन शेन्डे के साथ 04 दिसंबर 2024 को हिन्दू रिति रिवाज से हुआ है, मेरी 07 माह की बेटी है। पति से आपसी मतभेद होने के कारण 14 नवम्बर 2025 से रायपुर में किराये के मकान में रह रही हूं, 17.जनवरी 2026 को मै अपने मायका ग्राम करहीभदर आयी हुई थी, इस दौरान 19 जनवरी को मेरे पति अशविन शेन्डे मेरे पिता जी के घर के सामने आकर गाली गलौज दे रहा था, जिसे मेरे पिता प्रोभाष रॉय ने मना किये तो उन्हे हाथ मुक्का से मारपीट किया, मारपीट करने से मेरे पिता जी को नाक, हाथ में चोट आया है। घटना के समय मेरा भाई प्रदीप रॉय आकर बीच बचाव किया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पीड़िता के पति के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ग्राम ओदरागहन में मानसगान प्रतियोगिता में जिपं सभापति कल्पना रहीं मुख्य अतिथि



हरिभूमि न्यूज >> जामगांव आर

ग्राम ओदरागहन में चल रहे त्रि दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू बतौर अतिथि पहुंचे। नारद साहू भी मंचासिन रहे।

अतिथि मंच से सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने कहा कि मानस गान केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी लोक–संस्कृति, सामाजिक समरसता और परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से गांवों में सकारात्मक वातावरण बनता है और नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ती है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में भी हमारी परंपराओं का जीवित रहना ग्रामीण अंचलों की सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सहभागिता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ओदरागहन की सांस्कृ तिक पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर है। जिससे भविष्य में मानस गान, भजन–कीर्तन, सामाजिक बैठकें एवं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकेंगे।

समाजसेवी लक्ष्मीनारायण गंजीर, बीरसिंह साहू, बेदूराम, कृष्णा, दिलीप हिरवानी, वरुण कुमार, नरेंद्र कुमार, मिलाप साहू, कुंवरसिंह, गिरधर साहू, इतवारीराम, राजेश साहू, भूमिका गंजीर, कुसुमलता साहू, भोजबाई साहू, कमलेश पेंटर, तामेश्वर साहू, मिलेश गंजीर, अभिषेक सेन, कमलेश यादव, खिलेश गंजीर, श्रीराम साहू सहित काफी तादात में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भारी वाहन की ठोकर से साइकिल सवार दंपत्ति घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल से सामान खरीदने जा रहे दंपत्ति को पीकप ने ठोकर मार दी। जिसके बाद पीड़ित के परिजन ने पीकप चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम डुडिया निवासी दिलीप कुमार देवांगन ने पुलिस को बताया कि 19 जनवरी की रात्रि करीबन 08.45 बजे मेरे भांजी दमाद रामेश्वर देवांगन अपने डेढ साला रामकुमार देवांगन के साथ उसके मोटर साइकिल सीजी 34 सीए 0326 में किराना सामान खरीदने अर्जुन्दा जा रहे थे तभी पेट्रोल पम्प अर्जुंदा के पास मेन रोड मे अर्जुंदा तरफ से आ रही पीकप वाहन सीजी 04 जेडी 3736 के चालक द्वारा अपने वाहन को खतरनाक ढंग से लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से रामेश्वर देवांगन के बाये पैर के एड़ी, बाया हाथ के कलाई, माथा व सीने में चोट लगा है, तथा उसके डेढ़साला रामकुमार के सिर, दाहिना पैर के जांघ, पेट एवं शरीर में चोट लगा है। मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 34 सीए 0326 क्षतिग्रस्त हो गया बताया। भांजा रामकुमार देवांगन व भांजी दमाद रामेश्वर देवांगन निवासी खैरीडीह का प्राथमिक ईलाज बाद रिफर करने से 108 एम्बुलेंस के माध्यम से राजनांदगांव उचित ईलाज हेतु ले गये।

### जिला एवं विकासखंड पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

# बालोद में राज्य कर्मचारी संघ का हुआ शैक्षिक-बौद्धिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज >> बालोद



राज्य कर्मचारी संघ द्वारा शैक्षिक बौद्धिक संगोष्टी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगोष्ठी मे जिला एवं विकासखंड के पदाधिकारियों उपस्थिति थे। संगोष्ठी बुद्ध बिहार बालोद में आयोजित की गई।

जिला अध्यक्ष विरेन्द्र देशलहरे एवं प्रदीप साहू, अजय शर्मा, आईएल लेंडिया, राजेश साहू ने अथितियों का श्रीफल साल एवं लेखनी से सम्मान किया। इस अवसर पर संघ के संघटन मंत्री विकास शर्मा एवं चेतन यादव का पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक में पदोन्नती, मुन्नालाल गौतम का प्राचार्य पद में प्रमोशन होने पर राज्य कर्मचारी संघ की ओर से सम्मान किया गया। जिला सचिव गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने जिला इकाई के 6 माह का सफर एवं आय, व्यय के साथ संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। बालोद विकस खण्ड अध्यक्ष चमन कलिहारी ने व्यक्तिगत गीत प्रस्तुत किया। मुख्यवक्ता राजेश्वर राव ने अनेक उदाहरणों के माध्यम से संघठन के बारीकियों को बताते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांधिक संघठनो के बारे में बताए, उन्होंने कहा कि स्वयं सेवक के मेहनत, निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन से ही संघठन खड़ा होता। भूषण लाल साहू ने संघ के शताब्दी वर्ष के प्रमुख कार्य पंच परिवर्तन के बात को रखते हुए वेदों में उल्लेखित चार धर्मो में एकता एवं सामाजिक समरसता पर अनेक उदाहरण प्रस्तुत कर संघ के पंच परिवर्तन को रेखांकित किया और बताया कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण सरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वाआधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध से ही राष्ट्र हित मे काम होगा।

सभी से कहा कि जगगन्नाथ के रथ को खींचने हेतु सभी के हाथ और शक्ति लगे तथा भारत माता के इस राष्ट्र कार्य मे सभी की भूमिका के साथ संघठन के साथ खड़ा होना होगा। बालोद जिला अध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे ने संघ की वार्षिक कार्य योजना पर प्रकाश डाला एवं बताया कि जनवरी से अप्रैल तक सघन सदस्यता अभियान प्रांतीय निर्देश पर चलाया जाएगा। जिला सचिव गजेंद्र पुरी गोस्वामी ने संचालन किया। छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ बालोद के पदाधिकारी विकास शर्मा, मनीष यादव, अजय शर्मा, लोमन सिंह राणा, हेमलाल सहारे, मनीष देवांगन, दिनेश मालेकर, शत्रुघ्न शाह, डोमार देशमुख, हरिश्चंद्र पटेल, हेमंत पांडे, प्रवीण सहारे, टीआर.गंगबेर, जयकांत पटेल, सुरेश देशमुख, घनाराम देशमुख, राजेश साहू, भेद कोसले, चेतन यादव, हरीश रावटे, होरीलाल पटेल, प्रदीप साहू, मनीष यादव, नरेंद्र जांगड़े, अमित श्रीवास्तव ओमप्रकाश गेंद्रें, संजय रात्रे, केदारनाथ सुनहरे, राजेश पिस्दा, गेंद लाल साहू, राकेश जोगी, राजेश पांडे, ओमप्रकाश, लोकेंद्र बघेल शेष पेज 13 पर

# जिला स्तर पर अल्पसंख्यक छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज >> बालोद

- जिला स्तर पर प्रतिभावान छात्रों का सम्मान, आयोग द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण



छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के प्रतिभावान छात्र–छात्रओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा थे। छाबड़ा ने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान छात्र–छात्राएं कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें—राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदैव उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए तत्पर है। इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर तरुण कुमार ने विद्यार्थियों को कैरियर चयन, लक्ष्य निर्धारण तथा आने वाले भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में बालोद जिले के 115 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे शासकीय एवं निजी विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम में आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश बाफना शेष पेज 13 पर
















संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113


26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शैलदेवी महाविद्यालय
BA HOME SCIENCE GEOGRAPHY
Bcom
Bsc MATHS CS/BIO
MSW Master of Social Work
BCA AICTE APPROVED
Msc Physics Chemistry Com. Science
MA Hindi
Mcom
B.Lib
YOGA
DCA
PGDCA
BEd
DElEd
BSc Bed
Girl's/Boy's Hostel
NAAC A
अंडा, दुर्ग मो.: 9575037637, 6265377477


26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति ओड़ारसकरी पं.क्र. 2045
एवं समिति का क्षेत्र सिकोला, सलौनी, देवगहन
अनिल सोनी प्राधिकृत अधिकारी
दुष्यंत कुमार देशमुख शाखा प्रबंधक अर्जुन्दा
क्षेमराज सिन्हा सहायक प्रबंधक
गणतंत्र दिवस आया है, राष्ट्रभक्ति और प्रेम का दिन लाया है।
गिरधारी सिन्हा विक्रेता
बुधारू ठाकुर दैनिक कर्मचारी
सेवंत भुआर्य कम्प्यूटर ऑपरेटर
पवन ठाकुर चौकीदार


26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति मर्यादित खप्परवाड़ा पं.क्र. 2515
राजेन्द्र यादव ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
धनेश चंद्राकर प्राधिकृत अधिकारी
चंद्रप्रकाश देशमुख समिति प्रबंधक
हरिराम देशमुख सहायक प्रबंधक
26 January Republic Day
गंगा, यमुना, यहां नर्मदा
मंदिर, मस्जिद के संग गिरजा
शांति प्रेम की देता शिक्षा
मेरा भारत सदा सर्वदा !
खिलेश्वर चंद्राकर लिपिक व कम्प्यूटर ऑपरेटर
लालचंद साहू लिपिक


26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
ग्राम पंचायत देवगहन (सिकोला)
तुमेश्वर ठाकुर सरपंच, ग्राम पंचायत देवगहन
टोमन लाल साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत देवगहन
अंगद देवदास सचिव, ग्राम पंचायत देवगहन
पंचगण - मोहनिश कुमार साहू वार्ड क्र. 1, पोसु विश्वकर्मा वार्ड क्र. 2, खिलेश्वर निषाद वार्ड क्र. 3, भगेश्वर साहू वार्ड क्र. 4, कमलेश निषाद वार्ड क्र. 5, किरण निषाद वार्ड क्र. 6, तामेश्वरी साहू वार्ड क्र. 7, सुमित्रा बाई साहू वार्ड क्र. 8, सुरूज बाई साहू वार्ड क्र. 9, मैना हिरवानी वार्ड क्र. 10, दिलेश्वरी साहू वार्ड क्र. 11, गोविन्द सिन्हा (रोजगार सहायक), लेवन साहू (कम्प्युटर ऑपरेटर), गौकरण चंद्राकर (भृत्य)


सेवा सहकारी समिति परसदा, पं.क्र. 290 (डंगनिया)
की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संतराम साहू समिति प्रबंधक परसदा
कुलदीप साहू प्राधिकृत अधिकारी
राजेन्द्र यादव ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
चंद्रकिरण साहू (कम्प्यूटर ऑपरेटर), भारत यादव (सेल्समेन), जगदेव साहू (कर्मचारी), नारद साहू (कर्मचारी)


26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुरेदा, पं.क्र. 220
राजेन्द्र यादव ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
कमलेश पांडे प्राधिकृत अधिकारी
रोहित कुमार समिति प्रबंधक
जय हिन्द
गणतंत्र दिवस का दिन है सुहाना,
इस दिन संविधान की बातों को
हमें होगा अपनाना।
देवानंद देवांगन कम्प्यूटर ऑपरेटर
रामचंद्र देवांगन अतिरिक्त कर्मचारी
रोशनलाल साहू भृत्य-ग्राम गुरेदा, नर्मदा, डंगनिया


सेवा सहकारी समिति राहुद पं.क्र. 209
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेन्द्र यादव ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
चेतन साहू प्राधिकृत अधिकारी
कुन्दन साहू सहायक प्रबंधक


सेवा सहकारी समिति गोरकापार पं.क्र. 141
की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
तुलेश्वर चंद्राकर प्राधिकृत अधिकारी
राजेन्द्र यादव ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
नितिन कुमार गौतम समिति प्रबंधक
बी.आर. चंद्राकर सहा.समिति प्रबंधक
लक्ष्मीनारायण चंद्राकर
मिथलेश चंद्राकर
तोरण लाल चंद्राकर
योगेन्द्र कुमार तारम


26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति सिर्री, पं.क्र. 238
राजेन्द्र चन्द्राकर प्राधिकृत अधिकारी
राजेन्द्र यादव ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
रोमलाल यादव सहायक प्रबंधक
गणतंत्र दिवस जब आता है, भारत विश्व को अपनी शक्ति दिखलाता है।


26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री गणपति ट्रेडर्स
ग्राम खप्परवाड़ा, तह. गुण्डरदेही जिला-बालोद छ.ग.
छड़, सीमेंट, रेत गिट्टी, ईंट, मुरुम के विक्रेता एवं सप्लायर
गणतंत्र दिवस है हमारे दिलों के काफी पास,
इसलिए यह राष्ट्रीय पर्व है हमारे लिए काफी खास।


































संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

## खबर संक्षेप



### ग्राम देवसरा में श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस पर सुंदरकांड पाठ हुआ

**बालोद/निकुम।** ग्राम देवसरा में सत्यम शिवम सुंदरम मानस परिवार द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस पर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान ग्रामवासी देवसर व अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित के जिला अध्यक्ष भोला दास वैष्णव एवं जिला प्रभारी जागेश्वर दास वैष्णव के सानिध्य में श्री राम के जय घोष के साथ पूरे गांव में घर आंगन रंगोली में सजाकर दीप जलाकर मंदिर में की सजावट की गई। इस अवसर पर भोला वैष्णव ने कहा कि सत्य धर्म का पालन करना चाहिए, उनके आदर्शों को जीवन में अपनाए। इस अवसर वीरेंद्र साहू, जागेश्वर दास वैष्णव, राम सिंह साहू, गंगाराम, ईश्वर लाल, पवन रामकुमार, मोहन दास, लक्ष्मण मंडले उपस्थित थे।

### मानस गान सम्मेलन में चन्द्रेश और विधायक संगीता शामिल रहे शामिल



**गुरूर।** ग्राम पलारी में छत्तीसगढ़ स्तरीय मानस गान सम्मेलन में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा एवं कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी शामिल हुई। उन्होने कहा पलारी में आयोजित होने वाले मानस गान सम्मेलन की पहचान पुरे प्रदेश मे विशिष्ट है। यहां की भव्यता व संदेश अन्य को मार्गदर्शन देते है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, रोहित सागर, सरपंच तोमन साहू, यानेश साहू सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आई टी आई में प्लेसमेंट कैंप कल

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में 27 जनवरी को सुबह 10 बजे प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी सुजुकी मोटर्स अपने गुजरात में स्थित प्लांट के लिए आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को टेक्नीशियन पद हेतु लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के द्वारा चयन करेगी। इस प्लेसमेंट कैंप में सभी 18 से 26 वर्ष के आईटीआई में व्यवसाय मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, फीटर, टर्नर, वेल्डर, पेंटर एवं वायरमैन से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को अधिकतम 25300 रुपए प्रतिमाह, भोजन तथा रहने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस प्लेसमेंट कैंप के लिए प्रतिभागियों को दसवीं, आईटीआई की अंकसूची, आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह, कथा श्रवण से भावविभोर हुए श्रद्धालु



**बालोद।** पांडेपारा बालोद में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत् ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचिका देवी गीतांजलि शर्मा के मुख से धुरव चरित्र, जड़ भरत कथा, अजमिल व्याख्यान, प्रहलाद चरित्र और नरसिंह अवतार को विस्तार पूर्वक श्रवण कराया गया। जिसमे समस्त पांडे पारा बालोद वासी कथा के रस मे झूम उठे और संध्या कालीन आरती के साथ कथा विराम कराया गया। वही श्री मद भगवात कथा का पंचम दिवस गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन की कथा, देवासूर संग्राम, वामन अवतार, संछिप्त रामायण और श्री कृष्ण जन्म के सुन्दर झांकी के साथ प्रस्तुत किया गया। श्री मद भागवत कथा का सष्टम दिवस दोपहर 01 बजे से आरम्भ हुआ, जिसमे कथा वाचिका देवी गीतांजलि शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण जी की बाल लीला, बचपन के नटखट और माखन चोरी की लीला को झांकी सहित बताया गया।

## आयोजन

### प्रदेश साहू संघ द्वारा प्री-वेडिंग पर प्रतिबंध एक सराहनीय कदम है

# क्षेत्रीय साहू समाज का हुआ वार्षिक पारिवारिक मिलन व प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

परिक्षेत्रीय साहू समाज रेलवे कॉलोनी द्वारा "वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह–2026" का आयोजन परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कुंती साहू के सानिध्य में स्थानीय साहू सदन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोरणलाल साहू अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शीतल साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ ने की। विशेष अतिथि के रूप में युवराज साहू पूर्व अध्यक्ष, तहसील साहू संघ सहित संगीता साहू, गोविंद साहू, विमला साहू, अंजू साहू, उमा साहू, राजेश कुमार साहू, द्रौपदी साहू, दामिनी साहू, सत्या साहू, घनाराम साहू, विजय साहू, चंदन साहू एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके पश्चात सामूहिक भोजन उपरांत अतिथियों का स्वागत, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वागत



भाषण में अध्यक्ष कुंती साहू ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए आयोजन में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में शीतल साहू ने कहा कि समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन से कम से कम दो दिन समाज के लिए निकालना चाहिए—एक दिन परिक्षेत्रीय मिलन एवं सम्मान समारोह के लिए तथा दूसरा दिन तहसील साहू संघ द्वारा आयोजित भक्त मां कर्मा जयंती के आयोजन हेतु। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 15 मार्च को पापमोचनी एकादशी के दिन समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर इस वर्ष भी कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ सामूहिक आदर्श विवाह आयोजित किए जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह में निर्धारित आयु पूर्ण करने वाले जोड़ों का निशुल्क आदर्श विवाह संपन्न कराया जाएगा तथा आगामी आयोजन के लिए विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर दो जोड़े प्रदान करने की घोषणा पर कुंती साहू को बधाई दी गई।

मुख्य अतिथि तोरणलाल साहू ने कहा कि 84 परिवारों को एक सूत्र में पिरोकर किया गया यह आयोजन प्रशंसनीय है। रेलवे कॉलोनी परिक्षेत्र तहसील साहू संघ की पहली इकाई है, जहां पार पांघर की परंपरा बनी। मोहल्ला स्तर पर होने वाले ऐसे सामाजिक आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और अन्य समाजों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक मिलन समारोह बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देता है तथा समाज को सकारात्मक संदेश देता है। प्रदेश साहू संघ द्वारा प्री-वेडिंग पर प्रतिबंध एक सराहनीय कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में बेटियों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, अब बेटों को भी आगे बढ़ने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे।

तहसील साहू संघ की उपाध्यक्ष विमला साहू ने कहा कि आज समाज महिलाओं को सम्मान और अधिकार देकर कई सामाजिक विकृतियों को दूर कर रहा है।

पूर्व तहसील अध्यक्ष युवराज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पारिवारिक मिलन समारोह समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रारंभिक दौर में कठिन परिस्थितियों के बावजूद समाज के लोगों को जागरूक कर इस परंपरा की नींव रखी गई थी, जिसका सकारात्मक परिणाम आज हर परिक्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

## बाल संस्कार केंद्र में बसंत पंचमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मोखाला मांझी मंदिर प्रांगण में प्रत्येक रविवार को लगने वाले बाल संस्कार केंद्र में बच्चों और मातृ शक्तियों ने मिलकर बसंत पंचमी के पर्व को मां सरस्वती की पूजा अर्चना भजन संकीर्तन कर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया।

■ बाल संस्कार केंद्र की संचालिका पूजा जैन ने सेवा और संस्कार की शिक्षा दी

इस अवसर पर सभी मातृ शक्तियों ने बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल और चॉकलेट का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सम्मिलित अध्यापिका कादम्बिनी यादव ने बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व को समझाते हुए कहा की आज के ही शुभ दिन मां सरस्वती ने ब्रम्हा जी की सृष्टि को वाणी, ज्ञान और जीवन प्रदान किया, तभी से बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने कहा बसंत पंचमी हमें सिखाती है कि ज्ञान ही सबसे बड़ा धन है, बसंत ऋतू का आगमन होता है, पीले रंग के फल, फूल और वस्त्र का विशेष महत्व होता है। बाल संस्कार केंद्र की संचालिका पूजा जैन ने कहा बच्चों में सेवा संस्कार की भावना जागृत हो, कुशल परिवार समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण हो, यही बच्चे देश के भविष्य है।

कार्यक्रम में ममता यदु, पूजा जैन, रानी योगी, कादम्बिनी यादव, सोनकली पटेल, कलिन यादव, चमेली दीदी, रोहनी साहू, पद्मिनी साहू, खेमिन साहू, सरोज श्रीवास, राखी नसीने उपस्थित थे।

## बोडरा में त्रिदिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन का भव्य समापन



**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम बोडरा में त्रिदिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन समापन कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा पूर्व सांसद मोहन मंडावी के सांथ अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू शामिल हुई। सम्मेलन में प्रदेश की बीस से अधिक मंडलियों ने सहभागिता निभाई। अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने कहा प्रभु श्री राम चन्द्र के जीवन एवं आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में उतरे, प्रभु श्री राम चन्द्र के जीवन एवं आदर्श आज भी राह दिखाने वाले है, प्रभु श्री राम चन्द्र के जीवन एवं आदर्श विपत्तियों मे भी निरंतर धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। इस अवसर पर सभापति जिला पंचायत तेज राम साहू, जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष गुरूर दुर्गानंद साहू, जनपद पंचायत सभापति संध्या अजेन्द्र साहू, संजय साहू, अजेन्द्र साहू, पूनमचंद साहू, जागेश्वर साहू सहित मानस समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोहारा में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं दीप यज्ञ हुआ

### डॉ. हरिकृष्णा गंजीर व रुकमती गंजीर रहे मुख्य यजमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माताजी के जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एवं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य यजमान सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुरुर रुकमती गंजीर थे। यज्ञाचार्य भूषण लाल सार्वा, संतोष कुमार साहू, जंगलुराम साहू, चिंताराम साहू थे। बसंत पंचमी के अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा में मां गायत्री की पूजा की गई। बसंत पंचमी का पर्व सर्दियों की समाप्ति और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस समय प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है और खेतों में सरसों के पीले फूल लगाने लगते हैं और आम के पेड़ों पर मौर आने लगते हैं इस पर्व में पीले रंग का विशेष महत्व है, बसंत पंचमी पर पीला रंग शुभता शुद्धता





और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, लोग पीले वस्त्र पहनते हैं और मां गायत्री को पीले फूल अर्पित करते हैं, बसंत पंचमी का हर साल माघ मास में शुक्ल पक्ष पंचमी के दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर सुखीत राम नायक, डॉ डीएल गंजीर, शंकर लाल साहू, बलिराम साहू, भूपेश कुमार साहू, दानवीर नायक, महिला मंडल से रेणुका गंजीर, पेमीन साहू, तोरण साहू, देवला साहू, अस्मत नायक, जामुन साहू, शालिक राम साहू, दीपक साहू, धनाराम साहू, पंचूराम निर्मलकर एवं गायत्री परिवार के समस्त वरिष्ठ जन्म उपस्थित थे और अंत मे गायत्री प्रज्ञा पीठ के संयोजक भूषण लाल साहू द्वारा कार्यक्रम का आभार कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## भरदाकला में श्रद्धा और एकता के साथ मनाया परमेश्वरी जयंती महोत्सव

**बालोद।** गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम भरदाकला में परमेश्वरी जयंती महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित आसपास के क्षेत्रें से बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र देवांगन, ब्लॉक सचिव भारती देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष चुन्नी देवांगन, ग्राम इकाई अध्यक्ष अमर सिंह व सचिव दीपेश देवांगन, कोषाध्यक्ष नवीन देवांगन एवं हिमलेश्वरी देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही। महोत्सव के दौरान पूजा–अर्चना कर परमेश्वरी माता की वंदना की गई। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में परमेश्वरी माता के आदर्शों, सामाजिक समरसता, सेवा और एकता के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो संपूर्ण मानव समाज एक परिवार के रूप में एकजुट हो गया हो।



## ग्राम पिनकापार में मड़ई मेला के अवसर पर होगा रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

ग्राम पिनकापार में मड़ई मेला के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झाझर की प्रस्तुति हुई। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे, अध्यक्षता सरपंच तारन कुमार रजक ने किया, विशेष अतिथि पूर्व सरपंच घना राम साहू, रंग झाझर लोक कला मंच के संचालक दानू गजपाल थे।

अतिथियों के द्वारा बसन्त पंचमी पर मां सरस्वती के पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान प्रतीक चिन्ह व फूलमाला से किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने कहा कि मंडई मेला हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति एवं परम्परा है, जिसे देखने के लिए लोग दूर दूर से आते है मंडई और मेला दोनों का प्रयोजन धार्मिक होता है, जबकि मंडई में निर्धारित देव स्थान पर आस पास के देवताओं का प्रतीक डांग लाया जाता है, जिसे देव सम्मेलन भी कहा जाता है।

सरपंच तारन रजक ने कहा कि मंडई मेला छत्तीसगढ़ के एक प्रकार का त्यौहार है दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सांस्कृतिक कार्य क्रम की प्रस्तुति हुई, जिसे लोगों ने रात भर आनंद लिए। इस अवसर पर उपसरपंच चंद्रभुवन भूआर्य, बूथ अध्यक्ष गोविन्द कौशिक, जनक खरे, पूर्व सरपंच इंदु राम भूआर्य, मनोज खरे, डोमन देवांगन, नरेंद्र कुमार, लोक गायक संजू साहू, लोक गायिका ममता ठाकुर, कोरियोग्राफर टाकेश साहू, उद्घोषक ख़ेम लाल यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ग्राम बोडरा में 3 को मंडई मेला और 4 फरवरी को डे-नाईट कबड्डी प्रतियोगिता होगा

**गुरूर।** युवा पलटन कबड्डी ग्रुप ग्राम बोड़रा द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 4 फरवरी को किया गया है। वही 3 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 10026 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7026 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5026 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3026 रूपये रखा गया है। वही कई आकर्शक पुरस्कार रखे गए है। जिसमे आशीश निशाद, शीतल साहू, अमित साहू, दिलेश्वर, शीतल साहू, डोमेन्द्र, आशीश निशाद, दिलेश्वर, होमेश, करण निशाद, सत्यवान, प्रेम रमन, आयुश कुमार, कामता, संजय सिन्हा, अमित साहू, जावेद, चुरामन, नागेश्वर, अमनदीप, एकलव्य, रघुवीर, मनीश, तिलोकचंद, समीर, महेश्वर, जयंत कंसारी, शुभव सिंह, अभिशेक, कमल निशाद, प्रवीण, युवराज, रितिक, रोशन, उमाकांत, बालकृष्ण, धर्मेन्द्र, जितेन्द्र, धरम सिंह, रविकांत, तरूण, सागर, नरोत्तम, लोकेन्द्र बिट्टू, शाकेश तथा ग्रामीणों का सहयोग रहेंगे।

## चाराचार स्कूल में स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शासकीय प्राथमिक विद्यालय चाराचार में वार्षिक उत्सव स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं पुर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। वार्षिकोत्सव के दौरान स्कूली छात्र–छात्रओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

■ छात्र–छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य और देशभक्ति गीतों से प्रस्तुतियां दीं

कार्यक्रम मे देशभक्ति गीतों पर दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों में जोश भर दिया। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनेक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया, तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का पुरा अवसर मिलना चाहिए। विद्यालय प्रतिभा को निखारने का मजबूत मंच दे। ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभा को ऐसे मंचों के माध्यम से निखारने का अवसर मिलता है।

हमारी सरकार और जिला पंचायत का सदैव प्रयास रहता है कि प्राथमिक स्तर पर ही बच्चों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने पालकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहें और उन्हें नियमित स्कूल भेजें। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष बीरबल पटेल, प्रहलाद विश्वकर्मा, कृष्णी यादव पंच, तरुण चंद्राकर, अध्यक्ष शाला विकास समिति मोतीलाल सोनी, प्रधानपाठक कुर्रे, टोकेश्वर पटेल, सोनू चंद्राकर समस्त शिक्षकगण व विधाथएँ उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### पलारी में प्रभु श्रीराम ...

ग्राम भारती बालोद जयंत साहू उपस्थित थे। शाम 6 बजे प्रतिभावान भैया बहनो का सम्मान एवं समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्माकर वायकर थे। अध्यक्षता कमल सिन्हा ने किया। विशेष अतिथि तेजराम सुनगुर्द, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति पलारी नंदकुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति पलारी डामन लाल सोनबेर, अध्यक्ष जनभागीदारी उच्च माध्यमिक विद्यालय पलारी मनीश गुरूपंच, योगेन्द्र साहू, लक्ष्मीनारायण, मुकेश अडील, उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा गुरूर गजेन्द्र महमल्ला, गणेश राम साहू, पोशण लाल, जगदीश गुरूपंच उपस्थित थे। ओंकारेश्वर शिक्षण समिति के के सदस्य नंदराम साहू, घनश्याम साहू, गुरूप्रसाद सोनबेर, महेश्वर सोनबेर, गजराज साहू, मीनू बाई सोनबेर, मधु साहू, देवकरण निशाद, संतोश कुर्रे तथा आचार्य खेमीन गंगबेर, कुसुमलता साहू, भागिनी साहू, रेशमा यादव, कुसुमलता, भारती साहू, मोपेन्द्र कुमार साहू, गीताजली साहू, भारती साहू, महेश्वर ठाकुर उपस्थित थे।

### ककक...

कर्मचारियों, बीएलओ को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नये मतदाताओं ने भी अपना विचार रखते हुए उन्हें मत देने का अधिकार प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### बालोद में राज्य कर्मचारी ...

मुरारी सोनवानी, भूपेश लारिया, हरीश रावटे, लालेश्वर ठाकुर, तुलसी डोंगरे, मनोरमा कुम्भज, रीमा सोरी, कल्पना साहू, हेमलता दिव्या यादव प्रियंका साहू, रागिनी साहू, उमेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### जिला स्तर पर ...

अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गगन हंसपाल, अकबर तिगाला, जिला अध्यक्ष समीर खान सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं प्रमुखजन उपस्थित रहे। यह समारोह सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### ट्रक की ठोकर ....

चिन्ह लगाये एवं इंटीकेटर जलाये लापरवाही पूर्वक सडक के बीच में खडा किया था, जो कि घटना रात्रि करीबन 07.30 बजे व पानी के बौछार व बिजली चमकने से मेरे लडके को खडी ट्रक दिखाई नही देने के कारण मोटर सायकल सहित ट्रक में सामने से टकराकर एक्सीडेंट हो गया। जिससे मेरे बेटे देवा निर्मलकर को मस्तक एवं दाहिने भुजा में गंभीर चोट आयी थी, जिसे ईलाज हेतु जिला अस्पताल बालोद लाये थे, जहां से प्राथिमक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भतएँ किये थे। छुट्टी होने के बाद 24 जनवरी.2026 को उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना आयी हूं, उसके दोस्त केन्द्रबिन्दु को भी मामूली चोटे आया था तथा मोटर साइकिर क्षतिग्रस्त हो गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130































संकलनकर्ता- ओम प्रकाश दुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113


समस्त क्षेत्रवासियों को
26 JANUARY
REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं!
खेमलाल देवांगन
अध्यक्ष-भाजपा मंडल, सनोद
सरपंच- ग्राम पंचायत, अरकार


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
INDIA
REPUBLIC DAY
श्रीमती सुनीता संजय साहू
अध्यक्ष
जनपद पंचायत गुरूर
श्री दुर्गानंद साहू
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत गुरूर
श्री नरेश मदन साहू
श्री झालेन्द्र कुमार साहू
श्री गुलाब राम सिन्हा
श्री आशीष साहू
श्री डॉ. हरिकृष्ण गंजीर
श्रीमती ममता विजय गौतम
श्रीमती संध्या अजेन्द्र साहू
श्रीमती दिनेश्वरी फागूराम सिन्हा
श्रीमती मीना फतेलाल साहू
श्रीमती गणेश्वरी खरेन्द्र
श्रीमती लता लक्ष्मीचंद साहू
श्री तानसिंह देहारी
श्रीमती तारादेवी ताम्रध्वज यादव
श्री हेमन्त कुमार गुरुपंच
श्रीमती प्रमिला रामस्वरूप साहू
श्रीमती संतोषी साहू
श्रीमती कौशिल्या भोजराम चन्द्रवंशी
श्री अजीत कुंजाम
श्रीमती सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू
विनीत : जनपद पंचायत परिवार गुरूर एवं एक शुभचिंतक


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत- हितेकसा
भूपेश कुमार हिरवानी
सरपंच, ग्रा.पं. हितेकसा
नवलसिंह नेताम
सचिव, ग्रा.पं. हितेकसा
अश्वनी राम विलास
उपसरपंच
ग्रा.पं. हितेकसा
पंचगण:- सर्वश्री नरेश कुमार, टामिनबाई, यशोदा, कौशिल्या, पहलाजी राम, चंद्रप्रभा, तुकाराम, अहिमन, भुनेश्वरी, परमेश्वर, शीतल, रोजगार सहायक- फुलेश्वर, भृत्य- सुखित राम
एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत हितेकसा, वि.खं. गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)


शहर के मध्य में आवास योजना
जलतरंग विला
आधुनिक वास्तुकला
देसी ट्विस्ट के साथ
रो-हाऊस एवं
स्वतंत्र बंगलो एवं प्लाट
TOWN & COUNTRY APPROVED
RERA APPROVED
PCGRERA16082300165
बालोद शहर के मध्य में पहली बार कालोनी एक्ट एवं रेरा रजिस्टर्ड
सर्वसुविधा युक्त मकानों की श्रृंखला
बस स्टैण्ड 0.3 km
Gov. हास्पिटल 0.3 km
Gov. कॉलेज 0.3 km
CBSE स्कूल 1 km
कोर्ट एवं पालिका 0.3 km
वाटर पार्क एवं रिसार्ट 4 km
2 BHK
3 BHK
4 BHK
सभी बैंकों से फायनेंस की सुविधा।
समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं!
साईट का लोकेशन :-
दल्ली चौक
बस स्टैण्ड
दुर्ग रोड की ओर
NH930
दल्ली रोड
हॉस्पिटल / कालेज
खरखरा नहर 100 मीटर
जल तरंग साईट
सुविधाएं
18 Meter Wide Road
Parking
Sequrity Guard
Underground Sewage/Drainage
Play Area For kids
Garden
Street Light
कुंदरूपारा, नहर से लगा हुआ
सेम्पल मकान विजिट एवं बुकिंग हेतु संपर्क - कालोनाईजर घनश्याम टुवानी
Contact: 98212 98112, 95891 94002
सिद्धी विनायक होम मेकर्स बालोद

खबर संक्षेप



## रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा में विधायक ने की शिरकत

**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम कसौंदा में स्टार क्लब कसौंदा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। विधायक ने कहा कि खेल से ही नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेल जीवन में मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। खेल में हिस्सा लेने पहुंचे प्रतिभागियों से कहा कि प्रतिस्पर्धाओं में जीत को ही अंतिम लक्ष्य मानकर नहीं खेलना चाहिए बल्कि खिलाड़ियों को अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के संकल्प के साथ खेल में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर तरुण पारकर, होमेन्द्र भिंगाज, पुनाराम, खेमलाल निषाद, विजय यादव, ईश्वर यादव, कोमल साहू, रोशन यादव, डोमेन्द्र, बसंत कुमार, युवराज साहू सहित स्टार क्लब के समस्त सदस्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ताम्रध्वज ने गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के गौरवशाली दिवस पर सभी



प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना सन्देश में उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस, भारतीय संविधान के प्रति अखंड निष्ठा, स्वतंत्रता, समानता एवं भाईचारे के आदर्शों के प्रति अपनी आस्था को दोहराने तथा हम सबके भारतीय होने के गौरव को महसूस करने का अवसर है।

## गायत्री परिवार ने किया संध्याकालीन दीप यज्ञ का आयोजन



**गुरूर।** ठेकवाडीह में गायत्री परिवार द्वारा वंदनीय माता जी की जन्मशताब्दी एवं दिव्य प्रकाश महापर्व, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक अवतरण दिवस, बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में संध्याकालीन दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस महापर्व पर गांव नागरिक गण राम सहाय साहू, दुष्यंत कुमार साहू, पूर्णोत्तम साहू, मदन मोहन साहू, केशव सुपेत, जगमोहन साहू, सरपंच देवश्री साहू, तामेश्वरी साहू सहित समस्त गायत्री परिजन एवं श्रीराम युवामंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष थीम पर बनी रंगोली आकर्षण का केंद्र



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बगईकोन्हा सिरपुर में गणतंत्र दिवस 2026 पर थीम वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर भव्य रंगोली के माध्यम से चित्रांकन किया गया है जो आकर्षण का केंद्र है, भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की मुख्य थीम 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' है। यह थीम बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत के गौरवशाली इतिहास और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इसकी प्रेरणादायक भूमिका को समर्पित है। शिक्षिका निशा साहू के दिशा-निर्देश में उक्त रंगोली का निर्माण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक टेमन लाल राणा, शिक्षक वासुदेव पटेल और मूलचंद राणा उपस्थित रहे।

# बालोद में रोवर रेंजर जंबूरी की सफलता, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का हुआ सम्मान

## जिला प्रशासन की सराहना, युवा प्रतिभाओं ने दिखाई सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में सहयोग प्रदान करने वाले बालोद के जनप्रतिनिधि व अधिकारियों का सम्मान किया गया। प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी दुधली बालोद की ऐतिहासिक सफलता के लिए भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, जिला मुख्य आयुक्त सम्माननीय राकेश यादव ने जिला प्रशासन का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी द्वय प्रेमलता चंद्राकर, नेमसिंह साहू, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त भुवन सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, संयुक्त सचिव लिली पुष्पा इक्का उपस्थित रहे। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन के एल गजेन्द्र ने किया। जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने देश प्रदेश से जंबूरी में पधारे 15000 हजार प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन बालोद जिले में होना गर्व का विषय है।

इसके लिए उन्होंने शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को विशेष धन्यवाद् दिया। जिला सचिव केएल गजेन्द्र ने कहा कि जिले के युवा जोश से भरे रोवर रेंजर और ऊर्जावान व सक्रिय स्काउटर गाइडर की उपस्थिति से जंबूरी में बालोद जिला अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने में सफल रहा। डीओसी स्काउट नेमसिंह साहू ने बताया कि जंबूरी की तैयारी के लिए लगातार प्रयास किए गए जिले की सहभागिता सुनिश्चित हो सके इसलिए जिले के शिक्षकों के लिए बिगनर्स कोर्स प्रशिक्षण कराया गया, साथ ही प्रतिभागियों का बीएसजी इवेंट्स में पंजीयन और अप्लाई के पश्चात सभी प्रतिभागी प्रभारी जंबूरी में शामिल हो पाए।






**ये हुए सम्मानितः** जिला कलेक्टर कार्यालय में इस सम्मान समारोह में कलेक्टर दिव्या मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी जेएल. उइके, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग एसके.बंड, पीएचई विभाग सागर वर्मा, नगरपालिका बालोद मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोमिन अली, एसडीओ वन विभाग किशोरी साहू, पॉलिटेक्निक कॉलेज दुधली प्राचार्य डॉ एसके. सिंह, हिमांशु मिश्रा विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोहारा, जिला जन संपर्क विभाग तनवीर खान सम्मानित हुए।

मेला

## उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी में किसानों ने लिया हिस्सा

# जामगांव आर में लगा जिला स्तरीय पशु मेला और प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

जीव जंतु कल्याण दिवस के अवसर पर ग्राम औरी जामगांव आर में पशुधन विकास विभाग, दुर्ग के उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ संजीव सहस्त्रबुद्धे के मार्गदर्शन मे जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति नीलम राजेश चन्द्राकर थी, अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने किया।

■ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशु पालकों को मिला पुरस्कार

विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, सभापति जनपद पंचायत पाटन रविकुमार सिन्हा, सदस्य जनपद पंचायत पाटन राजकुमार चन्द्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत बोरवाय मीनु शर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा नारद साहू, भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, अध्यक्ष जामगांव आर सोसायटी भगवान सिंह चंद्राकार, पूर्व सरपंच राकेश रिंकू शर्मा, नूतन साहू, संतुराम साहू मंचासिन रहे।

नीलम राजेश चंद्राकर ने स्वयं उन्नत नस्ल की गाय का पालन करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि गाय पालन द्वारा आर्थिक विकास एवं घर मे दूधपूर्ति की सुविधा को ग्रामीण अपनाकर बलिष्ठ हो सकते है। भौतिक उपभोग वाद की तेज चलन के कारण पशु पालन की ओर से लोगो की रुचि हटी है जिसका दुष्परिणाम अनेकों रूप में सफर करना पड़ रहा है। उपसंचालक डॉ संजीव सहस्त्रबुद्धे के द्वारा अंजोरा दुर्ग मे नस्ल सुधार हेतु उन्नत नस्ल का बीज उत्पादन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपसंचालक पशु चिकित्सालय जामगांव आर डॉ बी मुखोपाध्याय थे। किसानों ने कहा कि विभाग की सक्रियता का लाभ निश्चित तौर पर पशु पालकों को मिलता है। मंच संचालन हलदार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न नस्लो के 19 उन्नत गाय, 42 उन्नत बछिया, 18 उन्नत बछड़ा, 4 उन्नत भैंस, 8 उन्नत पड़वा पड़िया, 3 उन्नत बेल जोड़ी, 2 उन्नत भैंस जोड़ी कुल 110 पशु पालक उपस्थित हुए। जिसमे 48 उन्नत बकरा बकरी एवं 15 पक्षी कुल 161 पशु पक्षी को प्रतियोगिता मे प्रदर्शित किया गया।





### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम में डॉ डीडी झा, डॉ एमसी देशमुख, डॉ आरके चौरसिया, डॉ आर कश्यप, डॉ ज्योति मुखोपाध्याय, डॉ संदीप मढ़रिया, डॉ एचएस चंद्राकर, डॉ यूएस जोशी, डॉ सौरभ योगी, डॉ झरना चंद्राकर, सुमन यादव, सुरेश कुमार साहू, ज्ञानेश्वरी देवांगन, कु निकिता सोनी, श्रद्धा वर्मा, गजानंद कामडे, धनंजय साहू, संतोष नाग, लोकेश कुमार, दिलेश्वर प्रसाद, रत्ना बंछोर, मिहीलाल, योगेंद्र बघेल, नागेश्वर यादव, ईश्वर साहू, नरेश बंछोर, सावित्री सोनी, हीरूराम पाटिल, मिथलेश सिंह, केशव साहू, दिनेश सोनी, प्रमोद चंद्राकर, नीलकंठ सिन्हा, देवेंद्र साहू, सुलेंद्र यादव का योगदान रहा।

### इन्हें मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता मे उन्नत गाय वर्ग मे प्रथम पुरस्कार देवानंद साहू गातापार, द्वितीय पुरस्कार किशोर यादव डिड़गा एवं तृतीय पुरस्कार चंद्रशेखर यदु कुम्हली, उन्नत बधिया वर्ग मे प्रथम पुरस्कार भगवान सिंह यादव उमरपोटी, द्वितीय पुरस्कार मुकेश चंद्राकर बोरवाय एवं तृतीय पुरस्कार पंकज चंद्राकर औरी, उन्नत बछड़ा वर्ग मे प्रथम पुरस्कार विष्णु यादव उमरपोटी, द्वितीय पुरस्कार डोमार साहू कुम्हली, तृतीय पुरस्कार परमानंद शुक्ला, रीवागहन, उन्नत भैंस वर्ग मे प्रथम पुरस्कार उत्तम सिंह यादव गातापार, द्वितीय पुरस्कार गोविंदा यादव भंसुली, तृतीय पुरस्कार डोमन यादव भंसुली, उन्नत बकरा, बकरी वर्ग मे प्रथम पुरस्कार वीरेंद्र पटेल झाड़मोंखली, द्वितीय पुरस्कार टीकम राम यादव रानीतराई, तृतीय पुरस्कार एवं हितेश वर्मा पाहंदा एवं उन्नत बैल जोड़ी वर्ग मे प्रथम पुरस्कार खिलेश्वर साहू बासीन, द्वितीय पुरस्कार भुवनेश्वर साहू औरी एवं तृतीय पुरस्कार सीताराम साहू औरी, उन्नत पड़वा, पड़िया वर्ग मे प्रथम पुरस्कार लालाराम साहू बासीन, द्वितीय पुरस्कार केशव यादव रानीतराई एवं तृतीय पुरस्कार गेंदलाल यादव, बोरवाय को, उन्नत भैंसा जोड़ी वर्ग मे प्रथम पुरस्कार इंदरल कुमार साहू बासीन एवं द्वितीय पुरस्कार भुवनेश्वर साहू औरी उन्नत मुगऍ, मुर्गा, पक्षी वर्ग मे प्रथम पुरस्कार आदि चंद्राकर, भरर, द्वितीय पुरस्कार पुराणिक साहू, रीवागहन, तृतीय पुरस्कार त्रिलोचन को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# श्रद्धा व उत्साह और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाई गई वंदे मातरम की वर्षगांठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

भारत की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा माने जाने वाले अमर गीत "वंदे मातरम्" की 150वीं वर्षगांठ नगर में गरिमामय वातावरण में श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गान से हुई, जिससे समूचा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने वंदे मातरम के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अमर गीत की रचना 19वीं सदी में महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना और देशवासियों में जागृति का संचार किया।वक्ताओं ने कहा कि "वंदे मातरम्" केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति सम्मान, समर्पण और आत्मबल का प्रतीक है, जिसने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि वर्तमान समय में भी वंदे मातरम् की प्रासंगिकता उतनी ही बनी हुई है। यह गीत नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, एकता, सामाजिक सद्भाव और कर्तव्यबोध का संदेश देता है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई दल्ली राजहरा, बस स्टैंड क्षेत्र से कौशल साहू मस्तान, मोहम्मद इमरान, राकेश शर्मा, रवि यादव, भाऊ सहित बस स्टैंड के व्यापारीगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया। यह आयोजन न केवल ऐतिहासिक स्मृतियों को जीवंत करने वाला रहा, बल्कि समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने वाला भी सिद्ध हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, वार्ड क्रमांक 24 के पार्षद विशाल मोटवानी, तहसील साहू समाज अध्यक्ष शीतल साहू, सचिव राजेश साहू, संरक्षक नवीन साहू, वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद भूपेंद्र श्रीवास, चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष शिखरचंद जैन, राजेश अग्रवाल, जयेन्द्र कुमार लाखानी, भूपेंद्र डहरवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर अरकार स्कूल के 72 बच्चों को मिला गणवेश सहयोग



**गुरूर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बालक प्राथमिक अरकार विद्यालय के 72 बच्चों को जन सहयोग से टाई, जूता, मोजा वितरण किया गया। टाई, जूता, मोजा का वितरण गणतंत्र दिवस के पूर्व किया गया। जिससे गणतंत्र दिवस के दिन इसका उपयोग कर सके। इस दौरान सरपंच खेमलाल देवांगन, प्राचार्य बीके. बाग, हेड मास्टर मोहन सिन्हा, बालक प्राथमिक शाला संतोष साखरे, पवन साहू, अरुण साहू, ग्राम पंचायत अरकार उपसरपंच मनोज ठाकुर, अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति चुम्मन विश्वकर्मा, पंच अरुण चक्रधारी, जीतेश साहू, सेवा साहू, नरेश साहू, किरण साहू, कुलेश्वरी साहू, हेमिन साहू, हुलेश्वरी मंडावी, चमेली देवांगन के साथ विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## ग्राम फागुनदाह में मेला मड़ई 29 को

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में 29 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख रिखी राम साहू, यशवंत साहू, गजेंद्र साहू, हेमंत साहू, देवघर साहू, रोशन साहू, प्रीतम साहू, श्यामलाल साहू, केडी मोगरे, प्रकाश सूर्यवंशी ने दी।

## मां परमेश्वरी जयंती पर कल होगा ब्लॉक स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ब्लॉक देवांगन समाज बालोद का मां परमेश्वरी जयंती के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन 27 जनवरी को आमापारा बालोद में रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विपणन सहकारी संघ अध्यक्ष भोजराम देवांगन होंगे। अध्यक्षता लक्ष्मण देवांगन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, विशेष अतिथि देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष दीपक देवांगन, संरक्षक जिला देवांगन समाज बालोद केदार देवांगन, संरक्षक जिला देवांगन समाज बालोद टीडी देवांगन, सलाहकार जिला देवांगन समाज बालोद बीएल देवांगन, सलाहकार जिला देवांगन समाज बालोद एमएल देवांगन, सचिव मूलचंद देवांगन, कोशाध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद पंचूराम देवागन, अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद टिकेन्द्र देवांगन, अध्यक्ष नगर देवांगन समाज बालोद जीवन लाल देवांगन, पार्शद वार्ड कमांक 13 सुनीता मनहर एवं अन्य अतिथियों का आगमन होना है। ब्लॉक देवांगन समाज के द्वारा प्रातः 9:30 बजे मां परमेश्वरी पूजा एवं आरती की जाएगी। सुबह 10 बजे पूजा अर्चना के पश्चात कलश यात्र बालोद भ्रमण किया जाएगा, 12 बजे मां परमेश्वरी की महाआरती, दोपहर 12 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज के द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान प्रतिभावान छात्र, छात्रओं का सम्मान, सैनिक सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी ब्लॉक देवांगन समाज के सचिव चोवाराम देवांगन ने दी है।

# देशभक्ति के रंग में रंगा शहर, भीष्म रथ पर फहरेगा जिले का सबसे ऊंचा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के क्षेत्र में आज सोमवार को गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया जाएगा। शासकीय कार्यालयों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं सामाजिक संगठनों में ध्वजारोहण की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नगर एक बार फिर तिरंगे की शान और देशभक्ति के जज़्बे से सराबोर होने जा रहा है।

हर वर्ष की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी राजहरा यूथ वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में नगर के गौरव भीष्म रथ पर बालोद जिले का सबसे ऊँचा एवं भव्य तिरंगा ध्वज फहराया जाएगा। यह ऐतिहासिक और भव्य कार्यक्रम कल प्रातः 10:30 बजे गरिमामय वातावरण में संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि भीष्म रथ एशिया की सबसे बड़ी लोहे की प्रतिमा के रूप में विश्व रिकॉर्ड धारण कर चुका है और यह दल्ली राजहरा की पहचान व स्वाभिमान का प्रतीक माना जाता है। आयोजकों ने बताया कि यह ध्वजारोहण कार्यक्रम नगर में सभी विद्यालयों एवं शासकीय कार्यक्रमों के पश्चात परंपरागत उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के प्रमुख संस्थानों भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी), नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा, शहीद अस्पताल, सेजेस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विवेकानंद विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय महाविद्यालय, गायत्री शक्तिपीठ, सहित विभिन्न निजी विद्यालयों, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों में भी ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राजहरा यूथ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लगभग पांच वर्ष पूर्व इस ऐतिहासिक ध्वजारोहण की शुरुआत की गई थी। बीएसपी प्रबंधन एवं नगर पालिका के सहयोग से भीष्म रथ परिसर का सौंदर्याकरण होने के बाद यह आयोजन प्रतिवर्ष और भी अधिक भव्य रूप लेता जा रहा है।

आयोजकों ने नगर के सभी नागरिकों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस गौरवशाली अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और राष्ट्रप्रेम, एकता एवं संविधान के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त करें।

## सरबदा-नरबदा में महिला समूहों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गुरूर।** गणतंत्र दिवस के पूर्व ग्राम पंचायत सरबदा नरबदा के महिला समूह द्वारा ग्राम के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया गया।

# डौंडीलोहारा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनी बसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पुंसवन एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम सार्वा (पूर्व प्रादेशिक सचिव, सरस्वती शिशु ग्राम भारती छत्तीसगढ़) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में अनिता सुमन्त साहू, भूमि जांगड़े एवं चुरामिन भुआर्य उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं 'ॐ' के पूजन-अर्चन व आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात बहन जाग्रति एवं साथियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत "हमारा लक्ष्य" प्रस्तुत किया गया। इशिता पटेल द्वारा पंचांग वाचन किया गया तथा अशोक सिन्हा ने अतिथियों का परिचय कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अरुण-उदय समूह एवं कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सियाराम सार्वा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान और बुद्धि की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पावन दिवस है, जैसे बसंत ऋतु में प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है, वैसे ही हमें अज्ञान को त्याग कर ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए। वहीं विशेष अतिथियों ने कहा कि विद्या के बिना मानव जीवन अधूरा है। विद्या से विनय और विनय से योग्यता आती है। सच्ची पूजा तभी मानी जाएगी जब हम अपने अध्ययन, पुस्तकों एवं गुरुओं का सम्मान करेंगे। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार तथा लगभग 40 छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार विधि-विधान एवं हवन-पूजन के साथ संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन तोषण चुरेन्द्र एवं चांदनी पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री तोरण ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य-दीदी, विद्यार्थी, स्काउट कैडेट तथा नव ज्ञानोदय शिक्षण समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी सांस्कृतिक प्रमुख तोषण चुरेन्द्र द्वारा दी गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, ह्रदयरोग, दंतरोग का इलाज

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411